राज्य् सभा

अतारांकित प्रश्न सं.2362

18 मार्च, 2015 को उत्तार के लिए

झारखंड में गुआ लौह अयस्क खान में छर्रा विनिर्माण संयंत्र

2362. डा. प्रदीप कुमार बालमुचू:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में स्थित गुआ लौह अयस्क खान में छर्रा विनिर्माण संयंत्र की स्थापना की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस दिशा में कोई प्रक्रिया शुरू की गई है;

(घ) छर्रा संयंत्र पर अनुमानत: कितना परिव्यय होगा और इससे कितने उत्पादन की आशा है; और

(ङ) इस छर्रा संयंत्र की कार्य योजना की क्या स्थिति है?

उत्तङर

इस्पा्त और खान राज्य् मंत्री   श्री विष्णुन देव साय

(क) से (ड़) : जी हॉ। स्टीशल अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड(सेल) झारखण्डे के पश्चिम सिंहभूम जिले में गुआ स्थित लौह अयस्क् खानों की अपनी लौह अयस्कट उत्पाशदन क्षमता बढ़ाने के लिए लगभग 4749 करोड़ रूपए का निवेश करेगा। इसमें विकसित क्रशिंग , बेनिफिसिएशन और पैलेटाइजेशन संयंत्र सुविधाओं की स्थाकपना करने के लिए लगभग 2743 करोड़ रूपए का परिव्यमय शामिल है। क्रशिंग संयंत्र , डाउनहिल कनवेयर , एक बेनिफिसिएशन संयंत्र और पैलेट संयंत्र मोड्यूल वाले मुख्यस पैकेज के लिए संविदा पत्र (एलओए) अप्रैल, 2014 में दे दिया गया है तथा ये कार्य 40 माह के भीतर पूरे किए जाने हैं। विस्तालर कार्य के पश्चांत् गु आ खानों की क्षमता बढ़कर 10 मिलियन टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) हो जाएगी , जिसमें लौह अयस्कख लम्पा एवं फाइन्स की 6 एमटीपीए क्षमता और पैलेटों की 4 एमटीपीए क्षमता शामिल है।

***